THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI MUFTI MOHAMMED SAYEED) : (a) The security arrangements for former Ministers, M.Ps.and other VIPs.have been made on the basis of threat assessments carried out by the concerned security agencies. The security arrangements are also being reviewed from time to time.

(b) to (d). It will not be in public interest to give details of persons provided with security and the details of security provided to them.

हज यात्रियों के लिए किये गये प्रबन्ध

1079. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा चालू वर्ष के दौरान हज यात्रियों के लिए क्या प्रबंध किये गये हैं तथा उन्हें कितनी विदेशी मुद्रा दी जायेगी तथा वहां हज यात्रियों के ठहरने के क्या प्रबंध किये गये हैं ;

(ख) क्या सरकार को पिछले दो वर्षों के दौरान हज यात्रियों के वहां जाकर ठहरने के दौरान उन्हें हुई कठिनाइयों की जानकारी है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि चालू वर्ष के दौरान उन्हें ऐसी परेशानियां न हों, अभी तक क्या कदम उठाये गये हैं ;

(ङ) क्या यह सच है कि हज यात्रियों को दी जाने वाली विदेशी-मुद्रा की राशि बहुत ही कम है; यदि हां, तो चालू वर्ष के दौरान उस धनराशि में कितनी वृद्धि की जा रही है; और

(च) चालू वर्ष के दौरान जहाज तथा विमान द्वारा हज के लिए भेजे जाने वाले लोगों की राज्यवार संख्या कितनी है तथा वे बम्बई से कब प्रस्थान करेंगे ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) हवाई यात्रा का, जिसमें विशेष हज वाले भी शामिल हैं तथा हज यात्रियों को लेकर जाने वाले तीन जहाजों के सिलसिले में प्रबंध किए जा रहे हैं, 51 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा जारी कर दी गई है; मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वरा में उचित इमारतें तय करने का काम भी किया जा रहा है।

(ख) और (ग) सरकार को यह मालूम है कि सऊदी अरब में हज यात्रियों के रहने की जगह के सवाल को लेकर; उड़ानों की समय पर सूचना के बारे में, एक विमान छोड़कर दूसरा विमान पकड़ने, विदेशी मुद्रा का तत्परतापूर्वक वितरण और सूचना के प्रसारण के बारे में कितनी दिक्कतें पेश आती हैं।

(घ) सऊदी अरब में ठहरने के स्थान के चुनाव के सिलसिले और हज जहाजों की तथा हज-विमानों की उड़ानों के मामले में भी सरकार ने हज समिति, बम्बई को हर तरह की सहायता दी है। हज यात्रियों के सऊदी प्रवास के दौरान उनके लिए चिकित्सा तथा उनके कल्याण के लिए अन्य सामान्य सहायता प्रदान करने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं।

(ङ) जी नहीं।

(च) सदन की मेज पर एक विवरण रख दिया गया है।

चालू वर्ष के दौरान जहाज और विमान से जाने वाले व्यक्तियों की प्रत्याशित संख्या का राज्यवार विवरण

क्रम सं०	राज्य	जहाज द्वारा	विमान द्वारा	जोड़
1.	आन्ध्र प्रदेश	250	722	972
2.	असम	262	338	600
3.	बिहार	545	248	793
4.	गुजरात	161	1685	1146
5.	दिल्ली	27	180	207
6.	जम्मू और काश्मीर	212	1435	1647
7.	कर्नाटक	227	924	1151
8.	केरल	298	2020	2318
9.	महाराष्ट्र	317	2167	2484
10.	मध्य प्रदेश	138	934	1072
11.	उड़ीसा	23	51	74
12.	राजस्थान	138	929	1067
13.	तमिलनाडु	139	941	1180
14.	उत्तर प्रदेश	973	5944	6917
15.	पश्चिम बंगाल	648	556	1204
16.	हरियाणा	30	196	226
17.	लक्षद्वीप	20	46	66
18.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	5	10	15
19.	चंडीगढ़	3	20	23
20.	हिमाचल प्रदेश	3	20	23
21.	पांडिचेरी	2	23	25
22.	पंजाब	10	63	73
23.	मणिपुर	6	37	43
24.	त्रिपुरा	5	27	32
25.	गोवा/दमन/द्वीव	2	28	30
26.	सरकारी कोटा	225	370	595
		4669	19314	23983

2. जहाज रवानगी की तारीखें इस प्रकार हैं :—

रवानगी बम्बई से
पहला जहाज 29-4-90
दूसरा जहाज 20-5-90
तीसरा जहाज 11-6-90

3. चार्टर उड़ानों की तारीखें अभी तय की जा रही हैं।